18. पद-परिचय

वाक्य में प्रयुक्त पदों को अलग-अलग करके प्रत्येक पद का व्याकरणिक परिचय देना, पद परिचय कहलाता है। इसके अंतर्गत वाक्य में उनकी स्थिति, लिंग, वचन, कारक, भेद तथा अन्य पदों से संबंध स्पष्ट किया जाता है।

शिक्षण-संकेत

- छात्रों को पद-परिचय से अवगत कराएँ।
- उन्हें पद-परिचय की परिभाषा समझाएँ एवं याद करवाएँ।
- पद-परिचय संबंधी आवश्यक बातें बताएँ।
- पाठ पृष्ठ 137-139 पर दिए गए पद-परिचय संबंधी नियमों को पढ़वाएँ तथा उन्हें समझाएँ।
- ब्लैकबोर्ड पर वाक्य लिखकर छात्रों से पद-परिचय देने को कहें।
- सुनिश्चित करें कि छात्र भली-भाँति समझ पा रहे हैं।
- पद-परिचय से संबंधित दिए गए उदाहरणों को पढ़कर लिखित अभ्यास करवाएँ।
- छात्रों को वाक्य बनाकर उनका पद-परिचय देने के लिए प्रेरित करें।
- छात्रों से पाठ अभ्यास के मौखिक प्रश्नों के उत्तर जानें।